E-mail

# राजस्थान सरकार

## प्राविधिक शिक्षा मण्डल, राजस्थान, जोधपुर

डब्ल्यू–6 रेजिडेन्सी रोड़ जोधपुर, फोन न. 0291–2430440, 2636572 इ–मेल bter.jodhpur@rajasthan.gov.in

क्रमांकः– एफ–7 / प्राशिमं / परीक्षा / 2022 / 2565 दिनांकः– 13 APR 2022

# सूचना

विषय :– दस्तावेजों के अधिप्रमाणन किये जाने बाबत्।

सन्दर्भ :– तकनीकी शिक्षा विभाग जयपुर का पत्र क्रमांक प.1(13)त.शि. / 2006 पार्ट दिनांक 06.04.2022

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि सन्दर्भित पत्र की पालना में प्राविधिक शिक्षा मण्डल, राजस्थान जोधपुर से जारी विद्यार्थियों के दस्तावेजों का अधिप्रमाणन का कार्य तकनीकी शिक्षा विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर द्वारा सप्ताह के दो दिवस (सोमवार एवं गुरूवार) को दोपहर 2.00 से 4.00 बजे तक सम्पादित किया जायेगा।

अतः सभी सम्बन्धित विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है प्राविधिक शिक्षा मण्डल जोधपुर से डिप्लोमा प्राप्त विद्यार्थी दस्तावेज अधिप्रमाणन हेतु उक्त समय में ही तकनीकी शिक्षा विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर में उपस्थित हो जिससे विद्यार्थी को अनावश्यक रूप से कोई असुविधा नही हों।

**संयुक्त निदेशक एवं रजिस्ट्रार**

क्रमांकः– एफ–7 / प्राशिमं / परीक्षा / 2022 / दिनांकः–

प्रतिलिपिः–

1. संयुक्त शासन सचिव, तकनीकी शिक्षा विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर को सूचनार्थ प्रेषित है।
2. निदेशक महोदय, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, जोधपुर को भेजकर लेख है कि निदेशालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का श्रम करावें।
3. प्रधानाचार्य राजकीय एवं निजी पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, समस्त (इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग) को भेजकर लेख है कि उपरोक्तानुसार विद्यार्थियों को संस्थान की वेबसाईट एवं अन्य सम्बन्धित साधनों के माध्यम से सूचित करावें।
4. प्रभारी कम्प्यूटर शाखा, प्राविधिक शिक्षा मण्डल, राजस्थान जोधपुर को भेजकर लेख है कि यह सूचना प्राविधिक शिक्षा मण्डल, राजस्थान, जोधपुर की वेबसाईट पर अपलोड करावें।

**संयुक्त निदेशक एवं रजिस्ट्रार**

A253

राजस्थान सरकार
तकनीकी शिक्षा विभाग

क्रमांक : प. 1(13)त.शि. / 2006 पार्ट	जयपुर, दिनांक 22.03.2022 06 APR 2022

रजिस्ट्रार,
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय,
अकेलगढ रावतभाटा रोड,
कोटा।

संयुक्त निदेशक,
प्राविधिक शिक्षा मण्डल,
W-6 रेजीडेन्सी रोड,
जोधपुर।

रजिस्ट्रार,
बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय,
बीकानेर।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT),
शैक्षणिक कार्यालय,
जोधपुर।

विषय :— दस्तावेजों के अधिप्रमाणन किये जाने बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निर्देशानुसार लेख है कि राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा, प्राविधिक शिक्षा मण्डल जोधपुर, आईआईटी जोधपुर, एवं बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर के शैक्षणिक दस्तावेजों के अधिप्रमाणन का कार्य विभाग द्वारा संपादित किया जाता है। दस्तावेजों के अधिप्रमाणन का कार्य सप्ताह के दो दिवस (सोमवार एवं गुरूवार) को दोपहर 2:00 से 4:00 तक संपादित किया जायेगा।

तद्नुसार आपके संस्थान की वेबसाईट व अन्य संबंधित साधनों के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जावे कि आपके संस्थान से प्राप्त डिग्री / डिप्लोमा प्राप्त विद्यार्थी दस्तावेज अधिप्रमाणन हेतु उक्त समय में ही कार्यालय में उपस्थित हो जिससे विद्यार्थी को अनावश्यक रूप से कोई असुविधा नहीं हो।

440
11-4-2022

भवदीय,

(राजेश कुमार चौहान)
संयुक्त शासन सचिव तशि

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1 निजी सचिव, शासन सचिव, तकनीकी शिक्षा विभाग।
2 संयुक्त शासन सचिव, तकनीकी शिक्षा विभाग।
3 पंजीयक, शासन सचिवालय, राजस्थान जयपुर को भेजकर लेख है कि उक्त कार्य हेतु निर्धारित समय दोपहर 2.00 से 4.00 को ही प्रवेश हेतु अनुमत करें।
4. रक्षित पत्रावली।

संयुक्त शासन सचिव, त. शि.